Cord-11014/7/2019-CORDN
भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
(समन्वय प्रभाग)
****

10, श्रम शक्ति भवन,
रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 23 दिसंबर, 2022

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से संबंधित मंत्रीमंडल के लिए मासिक सारांश - के संबंध में**

मुझे कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय माह नवंबर, 2022 के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सारांश सूचनार्थ अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

अनुलग्नक: यथोक्त

शंकर पंडित

(शंकर पंडित)
अवर सचिव
(दूरभाष: 011-23723670)

प्रति :

भारत सरकार के समस्त मंत्रालय/विभाग

**<u>नवंबर, 2022 माह के दौरान मंत्रालय की कुछ मुख्य उपलब्धियां/पहलें नीचे दी गई हैं:</u>**

1. हमारे युवाओं के कौशल के साथ अवसरों को जोड़ने और भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने कार्यनीतिक कार्यान्वयन और ज्ञान भागीदार, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से 06 नवंबर, 2022 को ढेंकानाल के कामाख्यानगर स्टेडियम, सारंगधर स्टेडियम में कौशल महोत्सव का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन माननीय केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य वीआईपी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक पंजीकरणों के साथ जबरदस्त सहभागिता देखी गई।

2. **सतर्कता जागरूकता सप्ताह:** मंत्रालय में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022 तक "भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 मनाया। इसी दौरान, मंत्रालय और इसके संबद्ध कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों ने 31 अक्टूबर, 2022 को 11 बजे एमएसडीई के अधीन सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने का आयोजन किया और कर्मचारियों को सीवीसी की वेबसाइट पर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कर्मचारियों के बीच ईमानदारी की भावना और जागरूकता पैदा करने हेतु कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

3. **संविधान दिवस समारोह:** मंत्रालय और इसके सभी कार्यालयों द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। अपने कर्मचारियों के बीच अधिक जागरूकता पैदा करने और सूचना के सामान्य प्रसार के लिए इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह और भारतीय संविधान से संबंधित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

4. **जनजातीय गौरव दिवस:** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर, 2022 को जनजातीय दिवस मनाया गया। यह दिन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता और आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है। एमएसडीई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद, इंटरैक्टिव सत्र जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

5. **वर्चुअल वैश्विक शिखर सम्मेलन:** विदेश मंत्रालय (एमईए), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (एमओसीआई) और शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के साथ मिलकर मंत्रालय ने 15 नवंबर 2022 को संयुक्त रूप से ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, जापान, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम जैसे दस देशों के भारतीय मिशनों का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय राजदूत/उच्चायोग के साथ प्रथम वर्चुअल वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन (वीजीएसएस) का आयोजन किया। शिखर सम्मेलन में भारत से कुशल गतिशीलता के लिए देश विशिष्ट बाधाओं की पहचान की गई और अपने जनसांख्यिकीय लाभ और जीवंत कौशल इकोसिस्टम का लाभ उठाकर भारत को दुनिया के एक कौशल केंद्र के रूप में आगे बढ़ाने के तरीके पर चर्चा की गई।

6. **विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022:** विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022 संस्करण के दौरान, 15 देशों में 03 सितंबर, 2022 से 28 नवंबर, 2022 तक 12 सप्ताह की अवधि में 62 कौशल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कौशल के महत्व का प्रदर्शन करते हुए, भारत ने प्रतियोगिता में 2 रजत, 03 कांस्य और 13 उत्कृष्टता पदक जीतकर 11वां स्थान हासिल किया।

7. माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री, श्री राजीव चंद्रशेखर ने 7-8 नवंबर, 2022 को जम्मू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कौशलीकरण, नवोन्मेष और उद्यमशीलता के क्षेत्रों में संबद्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों, छात्रों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत की। संबंधित हितधारकों के साथ बैठक के दौरान, उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटन सर्किट में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जो कल्याण, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य कार्यकलापों जैसे साहसिक कार्य अथवा खेल की ओर अधिक बढ़ रहे हैं तथा जिससे विविध कौशल और अवसरों की मांग बढ़ रही है। माननीय मंत्री ने हितधारकों से इसके स्थानीय अनुकूल परिस्थितियों और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए एक जीवंत पर्यटन स्थल बनाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया।

8. इस अवधि के दौरान मंत्रालय में 14 नवंबर, 2022 अपने कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने और मंत्रालय के सभी अनुभागों, शाखाओं, विंगों में साइबर स्वच्छता के प्रचार-प्रसार के लिए साइबर स्वच्छता और मोबाइल सुरक्षा संबंधी एक कार्यशाला आयोजित की गई थी।

9. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और संयुक्त राष्ट्र महिला के बीच भागीदारी के भाग के रूप में, "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013" पर एमएसडीई अधिकारियों के क्षमता निर्माण-कार्यक्रमों की एक

श्रृंखला 26 अगस्त, 2022 को शुरू की गई थी। माह के दौरान, 28.11.2022 और 29.11.2022 को एमएसडीई में कार्यरत सहायक कर्मचारियों, परामर्शदाताओं और युवा पेशेवरों के लिए क्षमता-निर्माण सत्र आयोजित किए गए थे।

10. 28 प्रतिभागी प्रशिक्षकों के साथ ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (एएसडीसी), सुखाकर्ता जनरल इंजीनियरिंग क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड, पुणे (एसजीईसीपीएल) और जीआईजेड-आईजीवीईटी के साथ प्रशिक्षकों का क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण (टीओटी), उन्नत वेल्डिंग तकनीकों से संबंधित दूसरे बैच का तथा 24 प्रतिभागी प्रशिक्षकों के साथ गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक का तीसरे बैच प्रशिक्षण और मूल्यांकन दिनांक 18.11.2022 को पूरा किया गया।

11. आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में शुरू की गई परियोजना "अवसर" का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों में एक स्थायी कैरियर विकल्प के रूप में स्व-रोजगार की सुविधा प्रदान करना है। इस परियोजना के हिस्से के रूप में, एमएसडीई ने 7 राज्यों में एसएचजी, एसएचजी प्रमुखों, ट्रांसजेंडर समुदाय, महिलाओं और अल्पसंख्यक समूहों के 4500 उम्मीदवारों के कौशल और उद्यमशीलता विकास के लिए एनएसडीसी के साथ भागीदारी की है। यह परियोजना व्यवसायों को शुरू करने, सरकारी स्कीमों का उपयोग करने और बाजार से संबद्धता बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों की क्षमता बढ़ाने में सहायता करेगी। दिनांक 30.11.2022 तक, केरल, ओडिशा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों के 12 जिलों के 49 प्रशिक्षण केंद्रों में 2310 महिला उम्मीदवारों को पंजीकृत किया गया है।

12. लंबित मामलों के निपटान हेतु विशेष अभियान 2.0 (एससीडीपीएम 2.0): सरकार द्वारा 2 अक्तूबर-31 अक्तूबर 2022 से शुरू किए गए विशेष अभियान ने समयबद्ध तरीके से एमएसडीई के अंतर्गत सभी कार्यालयों द्वारा निरंतर प्रयास के माध्यम से लोक शिकायतों, वीआईपी संदर्भ, कार्यस्थलों पर सफाई और जगह का निर्माण के संबंध में लंबित मामलों को कम करना सुनिश्चित किया। यह कवायद नवंबर, 2022 के दौरान जारी रही ताकि दैनिक कामकाज में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाई जा सके।

13. एनसीवीईटी के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 24वीं बैठक 17 नवंबर, 2022 को आयोजित की गई थी। कुल 53 (37 नई और 16 संशोधित) अर्हताओं पर राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचे (एनएसक्यूएफ) के साथ संरेखण के लिए अनुमोदन हेतु विचार किया गया था। जिनमें से 49 अर्हताओं को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसके अलावा,

अब तक कुल 5739 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ से संरेखित किया गया है और एनएसक्यूसी द्वारा अनुमोदित किया गया है।

14. एनसीवीईटी परिषद का प्रतिनिधित्व करने वाली उप-समिति की चार बैठकें नवंबर, 2022 के दौरान आयोजित की गईं, जिनमें अवार्डिंग निकायों (दोहरी निकायों सहित) और आकलन एजेंसियों के रूप में मान्यता हेतु विभिन्न संस्थाओं/संगठनों के प्रस्तावों पर विचार किया गया। नवंबर के अंत तक, अवार्डिंग निकायों के कुल 70 प्रस्ताव और आकलन एजेंसियों के 46 प्रस्तावों को आज्ञापत्र (एलओआई) जारी किया गया है और एनसीवीईटी द्वारा अनंतिम मान्यता प्रदान की गई है। इनमें से 39 अवार्डिंग निकायों ने मान्यता प्रदान करने के लिए नवंबर माह तक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

15. प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम के अंतर्गत मौजूदा पाठ्यक्रमों के लिए 400 नए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) विकसित किए हैं और अनुमोदन हेतु एनसीवीईटी को प्रस्तुत किए हैं। नवंबर, 2022 में आईटीआई और उद्योग के बीच 152 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अब तक कुल 3823 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

16. प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) - इस मंत्रालय के अंतर्गत एक संबद्ध कार्यालय ने सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (सीयूटीएम) के 1900 प्रशिक्षुओं और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के 1351 प्रशिक्षुओं के लिए फ्लेक्सी-एमओयू आयोजित किया है।

17. डीजीटी द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रशिक्षण और औद्योगिक मूल्य शिक्षा परियोजना का सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) मार्च, 2024 तक की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्ट्राइव के लिए बनाया गया मासिक डैशबोर्ड सभी राज्यों के वित्तीय विवरणों सहित तैयार है। एनपीआईयू तक पहुँच प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

18. भारतस्किल्स पोर्टल (https://bharatskills.gov.in) ने 3 लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ नागरिक-केंद्रित वितरण रजत पदक को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार जीता। 26-27 नवंबर, 2022 को जम्मू में आयोजित 25वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (एनसीईजी) में भारतस्किल्स प्रदर्शनी के लिए भारतस्किल्स स्टॉल लगाया गया।

19. शिक्षुता मेला 14 नवंबर 2022 को डीजीटी पीएम राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम) पोर्टल (https://dgt.gov.in/appmela) के माध्यम से देश के विभिन्न जिलों में आयोजित किया गया। सरकार शिक्षुता प्रशिक्षण के माध्यम से प्रति वर्ष 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पीएमएनएएम का उपयोग प्रतिष्ठानों और उम्मीदवारों की सक्रिय भागीदारी के लिए एक मंच के रूप में किया जा रहा है। यह भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों/उद्योगों में मौजूद विभिन्न अवसरों पर युवाओं को जागरुकता भी प्रदान करता है। इस प्रकार, पीएमएनएएम अधिक संख्या में युवाओं और प्रतिष्ठानों/उद्योगों को शिक्षुता के क्षेत्र में लाने में सहायता करता है। शिक्षुता मेला जॉब के दौरान प्रशिक्षण प्रदान करके कौशल अंतर को पाटने और उन्हें उद्योग के लिए तैयार तथा रोजगार योग्य बनाने के लिए प्रतिष्ठानों/उद्योगों में युवाओं के लिए शिक्षुता के अवसर सृजित करता है।

20. संबद्धता एवं प्रत्यायन की स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें 50 संबद्धता प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया। एसएसडीईसी उत्तर प्रदेश से प्राप्त एससीवीटी से एनसीवीटी के लिए 33 सरकारी आईटीआई के लिए संबद्धता प्रस्ताव की जांच की गई और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। एससीवीटी से एनसीवीटी के लिए 31 सरकारी आईटीआई हेतु एसएसडीईसी मध्य प्रदेश से प्राप्त संबद्धता प्रस्ताव की जांच की गई और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया तथा एससीवीटी से एनसीवीटी के लिए 20 सरकारी आईटीआई हेतु एसएसडीईसी राजस्थान से संबद्धता प्रस्ताव की जांच की गई और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया।

उपर्युक्त पहलों के अलावा, कई आंतरिक उपायों के माध्यम से कार्य निष्पादन के युक्तिकरण के लिए प्रक्रियाधीन सभी महत्वपूर्ण और जरूरी मामलों के त्वरित निपटान में अत्यधिक शीघ्रता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए जारी है।

******